(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार यह सुनिश्चित करने का विचार रखती है कि दिल्ली पुलिस द्वारा, कानून का पालन करने वाले किसी भी व्यक्ति को, जो कानून और प्रशासन की सहायता करता है, परेशान न किया जाये?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) जी हां, श्रीमान समाचार में उल्लेख है कि त्रिनगर निवासी एक श्री सुरेन्दर कुमार, जिसके द्वारा दी गई सूचना के आधार पर 8.4.1989 को त्रिनगर में दो व्यक्तियों के पास से चरस पाई गई थी; को दिल्ली पुलिस द्वारा पुरस्कृत करने के स्थान पर परेशान किया जा रहा है तथा दिल्ली पुलिस दो व्यक्तियों की गिरफ्तारी का संपूर्ण इनाम लेने का दावा कर रही है।

(ख) दिल्ली पुलिस ने सूचित किया है कि सूचना प्राप्त होने के बाद दो व्यक्तियों के पास से एक कि० ग्रा० हीरोइन तथा 2 कि० ग्रा० चरस बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया तथा सरस्वती बिहार पुलिस स्टेशन में मामले दर्ज किए गए। सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा बरामदगी की गई थी। पुलिस के अनुसार, सुरेन्दर कुमार द्वारा दी गई सूचना के आधार पर गिरफ्तारियां नहीं की गई थी।

(ग) दिल्ली पुलिस ने सूचना दी है कि कानून का पालन करने वाले ऐसे किसी भी नागरिक को जो कानून और प्रशासन की सहायता करता हो, परेशान नहीं किया जा रहा।

आतंकवाद की रोकथाम करने में इजरायल से सहयोग

3621. मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में आतंकवाद की रोकथाम करने के लिये इजरायल से सहयोग प्राप्त करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा बनायी गई अन्य योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता है।

(ग) चूंकि "लोक व्यवस्था" राज्य का विषय है अतः कानून और व्यवस्था की स्थिति सुधारने के लिए ठोस उपाय करना और विभिन्न तरीके खोजना राज्य सरकारों का कार्य है । केन्द्रीय स्तर, पर विभिन्न राज्यों के आतंकवाद-विरोधी अभियानों को समन्वित करने, और राज्यों में आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने में लाभप्रद सूचनाओं का राज्य सरकारों को भेजने के कार्य में सुधार करने की कार्रवाई की जाती है। इस संबंध में जब कभी आवश्यक होता है राज्य सरकारों को सभी संभव सहायता दी जाती है।

Withdrawal of Border Security Force from Borders

3622. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a large number of Border Security